उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक- 10.04.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## "साइबर जागरूकता अभियान" के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रअन्तर्गत सेंट जेम्स इंटर कॉलेज में पुलिस पाठशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओ को साइबर अपराध से बचने के उपाय, साइबर अपराध की घटना घटित होने पर क्या करें? क्या ना करें ? आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान "ऑपरेशन ज्ञान कवच" चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत आज दिनांक 10.04.2024 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड द्वारा थाना चरखारी अंतर्गत सेंट जेम्स इंटर कॉलेज में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों को साइबर क्राइम, साइबर हेल्प नंबर 1930,ऑनलाइन फ्रॉड, महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, आपातकालीन हेल्प लाइन नंबर -112,108,102 तथा यातायात नियमों के पालन को लेकर,आदि के बारे में जानकारी दी और आगामी सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 के दृष्टिगत बच्चों को मतदान को लेकर जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त साइबर जागरुकता की पुलिस पाठशाला में जागरुक करते हुए बताया गया कि वह सोशल साइट का प्रयोग करते समय व अन्य सोशल कार्य करते समय किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी से भी अपने एटीएम की डिटेल शेयर/साझा न करने, किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया साइट से किसी प्रकार की खरीदारी न करने। सिम क्लोनिंग, धम्ब क्लोनिंग से कैसे बचे एक स्ट्रांग पासवार्ड बनाये जाने के विषय में विस्तृत रुप से बताया गया। किसी भी साइबर अपराध के सम्बन्ध में साइबर हेल्प लाइन न0 1930 या बेवसाइट **cybercrime.gov.in** पर शिकायत करें या नजदीकी थाने में बनी साइबर सेल पर अपनी समस्या बताते हुए शिकायत दर्ज करायें। तत्काल कार्यवाही की जायेगी।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.04.2024


# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता,पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 10.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## ❖पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर का औचक निरीक्षण कर सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## ❖थाना अजनर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर समुचित मूलभूत सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया।

आज दिनांक 10.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा थानाध्यक्ष अजनर श्री प्रवीण कुमार सहित भारी पुलिस बल के साथ उ.प्र. एवं म.प्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-बिजौरी बैरियर थाना अजनर का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में महोबा पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया।

इसी क्रम में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल निर्विवाद एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना अजनर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केन्द्रों यथा- इग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल चमरुआ, प्रा0वि0 चमरुआ, कम्पोजिट विद्यालय खमा, कम्पोजिट विद्यालय धवर्रा का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में समुचित मूलभूत सुविधाओं उचित प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया व पायी गयी कमियों को समय से दुरुस्त किये/कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

स्कूलों मे शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से संवाद कर शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान थानाध्यक्ष अजनर श्री प्रवीण कुमार को सीमा क्षेत्र (**UP-MP Border**) में सतर्क दृष्टि रखते हुए पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने, क्षेत्र में माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।






## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा एवं जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह हे0कां0 शिवमहन्त मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर अभियुक्त रज्जू पुत्र मैकू उम्र 40 वर्ष निवासी छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम छानीकला थाना कबरई के पास से गिरफ्तार किया, इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 106/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. हे0कां0 शिवमहन्त मौर्य

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रज्जू पुत्र मैकू उम्र 40 वर्ष निवासी छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामद सम्पत्तिः-

01 अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध एवं अवैध शराब का निष्कर्षण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम मय हमराह प्रशि0उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित, हे0कां0 रामकरन सिंह व कां0 अमित कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर अभियुक्त अयोध्या पुत्र भूरा उम्र 30 वर्ष निवासी महेवा थाना कबरई जनपद महोबा को महेवा रोड नहर पुलिया के बाँयी तरफ बहद ग्राम महेवा के पास से हिरासत में लिया, जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी से 18 अदद पाऊच देशी शराब नाजायज बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 105/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम
2. प्रशि0उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
3. हे0कां0 रामकरन सिंह
4. कां0 अमित कुशवाहा

### गिफ्तारी का स्थानः-

महेवा रोड नहर पुलिया के बाँयी तरफ बहद ग्राम महेवा थाना कबरई जनपद महोबा व फासला करीब 5 किमी जानिब दिशा उत्तर-पश्चिम।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अयोध्या पुत्र भूरा उम्र 30 वर्ष निवासी महेवा थाना कबरई जनपद महोबा।

### बरामद सम्पत्तिः-

अभि0 के कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी मे 18 अदद पाऊच झूम ब्राण्ड देशी शराब नाजायज बरामद होना।

